दिनांकः 03.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि विद्यार्थियों को जीवन में नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। दो दिन के दौरे पर प्रदेश पहुंची राष्ट्रपति ने आज उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मेवाड़ का ये क्षेत्र शक्ति और भक्ति का अनूठा संगम है। विद्यार्थियों को मेवाड़ के इतिहास का अध्ययन करना चाहिए, इससे उन्हें भारत की गौरवशाली परम्पराओं के बारे में जानकारी मिलेगी। राष्ट्रपति ने पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उदयपुर पहुंचने पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने श्रीमती मुर्मू का स्वागत किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहे। दो दिन के दौरे के तहत राष्ट्रपति आज शाम सिरोही जिले के आबूरोड़ के मानपुर हवाई पट्टी पहुंचेंगी। यहां से वे शान्तिवन के मानसरोवर जाएंगी। मानसरोवर में ब्रह्माकुमारी संस्थान के पदाधिकारी राष्ट्रपति से मुलाक़ात करेंगे। कल राष्ट्रपति वहां पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेंगी। इसके बाद शान्तिवन में उनका वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने का कार्यक्रम है। श्रीमती मुर्मू बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम भी जाएंगी, जहां वे राज्य सरकार की ओर से आयोजित आदि गौरव सम्मान समारोह में शामिल होंगी।

.....................

आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले लोकप्रिय कार्यक्रय मन की बात को आज दस साल पूरे हो गए हैं। वर्ष 2014 में आज ही के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने विचार साझा करना शुरू किया था। कार्यक्रम की दस साल की यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण और व्यवहार संबंधी मुद्दों को छुआ है, जिसने देश में सकारात्मक प्रभाव पैदा किया है। मन की बात प्रधानमंत्री और नागरिकों के बीच बातचीत का एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। पिछले महीने के मन की बात एपिसोड में, श्री मोदी ने कहा था कि कार्यक्रम की दस साल की लंबी यात्रा ने एक तरह की माला तैयार की है, जिसमें हर एपिसोड में नई गाथाएँ शामिल हैं, नए रिकॉर्ड और नई शख्सियतें जुड़ती हैं। उन्होंने कहा था कि समाज में सामूहिकता की भावना से जो भी काम हो रहा है, उसे मन की बात से पहचान मिलती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं।

.....................

प्रदेशभर में आज से शारदीय नवरात्र की शुरूआत के साथ ही मंदिरों और घरों में मां दुर्गा की विशेष आराधना की जा रही है। सुबह शुभ मुहुर्त में घट स्थापना की गई। नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा–अर्चना की जाएगी। आज शैलपुत्री स्वरूप की अराधना की जा रही है। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया है। जयपुर के आमेर स्थित शिला माता मंदिर में मेला भर रहा है। 13 अक्टूबर तक भरने वाले मेले को देखते हुए प्रशासन ने विशेष प्रबंध किये हैं। बांसवाडा के त्रिपुर सुंदरी मंदिर में अलसुबह मंगला आरती की गई और घट स्थापना के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए। दौसा के नई मंडी रोड स्थित दुर्गा मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा की आराधना की गई। चूरू के सुभाष चौक से कलश यात्रा निकाली गई। सीकर में जीण माता का मेला और करौली के कैलादेवी में भर रहे मेले में दूर दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि शक्ति–वंदना को समर्पित यह पावन पर्व सभी के लिए शुभकारी सिद्ध हो। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं।

.....................

अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में आज प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। जयपुर में अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आज शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसे देखते हुए शहर में यातायात प्रबंधन की

विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। अजमेर औश्र बीकानेर में भी विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को अग्रसेन जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके आदर्श विचार जनसेवा और प्रदेश की उन्नति के कार्यों के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

…………………